वाह रे क्या बात है | By Payal Agrawal

श्याम तुम्हारी सूरत प्यारी कितनी है मनुहारी
उस पर ये जादुई नैना शोभा अद्भुत न्यारी
वाह रे क्या बात है
वाह रे क्या बात है

उस पर इस पगड़ी से चमके लट तेरी घुंघराली
पगड़ी की तेरे मणि है चमके और कानो की बाली
सुंदरता क्या बयां करूँ शब्दों में श्याम तुम्हारी
उस पर जादुई नैना शोभा अद्भुत न्यारी
वाह रे क्या बात है
वाह रे क्या बात है

एक बार जो देखे वो ही है मोहित हो जाता
जोड़ है लेता फिर वो तुझसे जनम जनम का नाता
अलग छठा लाती कजरे की ये कोर ये कारी कारी
उस पर जादुई नैना शोभा अद्भुत न्यारी
वाह रे क्या बात है
वाह रे क्या बात है

फूलों का श्रृंगार तेरा कर देता है दीवाना
हर हारे को मिलता धीरज जाने सभी ज़माना
मतवाला हो जाता जिस पर नज़र है तूने डाली
उस पर जादुई नैना शोभा अद्भुत न्यारी
वाह रे क्या बात है
वाह रे क्या बात है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b9-%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%a4-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-payal-agrawal/